हरियाणा सरकार ने स्टेट टीचर अवार्ड-2021 की घोषणा की

चर्चा में क्यों?

29 अगस्त, 2022 को हरियाणा सरकार ने स्टेट टीचर अवार्ड-2021 की घोषणा की। अध्यापक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में राज्य सरकार द्वारा कुल 47 अध्यापकों को यह अवार्ड दिया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि स्टेट टीचर अवार्ड -2021 के लिये चयनित कुल 47 अध्यापकों में 4 प्रिंसिपल, एक हाई स्कूल का हेड मास्टर, 13 पीजीटी, चार मौलिक स्कूल के हेड मास्टर, दो संस्कृत, तीन हिन्दी, दो ड्राइंग, एक साइंस, दो सामाजिक अध्ययन, एक डीपीई, दो प्राइमरी हेड मास्टर तथा 12 प्राइमरी स्कूल के अध्यापक शामिल हैं।
- इन अध्यापकों में रेवाड़ी ज़िले से सर्वाधिक 10 अध्यापकों के नाम शामिल हैं, दूसरे नंबर पर 7 अध्यापकों के साथ भिवानी ज़िला है। इसके अलावा सोनीपत ज़िले से 6 अध्यापक, झज्जर और करनाल ज़िले से 4-4 अध्यापक, हिसार, फतेहाबाद व कुरुक्षेत्र ज़िले से 3-3 अध्यापक, गुरुग्राम व महेंद्रगढ़ ज़िले से 2-2 अध्यापक तथा कैथल, पानीपत और चरखी-दादरी ज़िले से 1-1 अध्यापक शामिल हैं।
- अवार्ड के रूप में प्रत्येक अवार्डी अध्यापक को एक लाख रुपए का नकद ईनाम, एक सिल्वर मेडल, एक सर्टिफिकेट, एक शॉल तथा भविष्य की सर्विस के लिये महँगाई-भत्ता सहित दो एडवांस इंक्रीमेंट दी जाएंगी।
- उल्लेखनीय है कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अध्यापकों को सम्मानित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष राज्य स्तर पर स्टेट टीचर अवार्ड की घोषणा की जाती है। चयन प्रक्रिया मेरिट बेस पर आधारित होती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-government-announces-state-teacher-award-2021